## सार-समाचार

### चोरों ने चार कमरों के पांच ताले तोडे

**जोधपुर** , (कासं) । शहर के निकटवर्ती बनाड़ स्थित खोखरिया के आदर्श नगर में एक साथ दो घरों में चोरों ने सैंध लगाकर वहां से लाखों के जेवरात और नगदी चुरा ले गए। चार कमरों में पांच ताले टूटे है। पुलिस अब चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस बारे में दो अलग अलग प्रकरण पुलिस में दर्ज कराए गए है। बनाड़ पुलिस ने बताया कि खोखरिया स्थित आदर्श नगर में रहने वाली शालिनी जैन की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 10 दिसम्बर की शाम को उसके पड़ौसी ने सूचना दी कि घर के ताले टूटे पड़े है। इस पर बाद में उसका पुत्र हॉस्टल से लौटा और वहां की वीडियोग्राफी कर बताया। रिपोर्ट के अनुसार चोरों ने घर में चार कमरों के पांच ताले तोड़े है। सारा सामान बिखरने के बाद वहां से सोने चांदी के आभूषण और 60 हजार की नगदी ले गए। चोर घर से सोने का मंगलसूत्र, इयररिंग, मोती की इयररिंग, पेडेंट, चेन, चूड़ियों के साथ चांदी क ी चार गिलास, छह कटोरियां, पूजा के मंदिर से भगवान गणेश की मूर्ति, 20-25 चांदी के सिक्कें, बच्चों के छड़े और 10, 20, 50 एवं 100 रूपयों की गड्डियां जोकि तकरीबन 60 हजार रूपए है वह सब ले गए। पास में ही शुभम पुत्र सुरेंद्र सिंह सैन का मकान भी आया है, जहां पर भी चोरों ने सैंध लगाई है। यहां से काफी सामान चुराया गया। शुभम की तरफ से भी बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी गई। जांच एएसआई सुभाष की तरफ से की जा रही है।

### रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन हुआ

**बालोतरा**, (निसं)। राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर रन फॉर विकसित राजस्थान दौड के साथ राज्य सरकार के कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ हुआ। इसी क्रम में गुरुवार को बालोतरा पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वांकाराम चौधरी समेत चिकित्सा विभाग के कार्मिक, जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ नव नियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे। जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन के दौरान उपस्थित कार्मिकों ने राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इस दौरान सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल एवं जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम के दौरान जिले के 92 नव कार्मिकों को नियुक्ति पत्र जारी किये गये। जिसमें 65 चिकित्सा विभाग के साथ 28 अन्य विभागों नव कार्मिक शामिल है।

### वेतन नहीं मिलने पर प्रदर्शन किया

**जोधपुर** , (कासं) । डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज से संबद्ध मथुरादास माथुर अस्पताल में कार्यरत ठेका कर्मियों को गत दो महिनों से वेतन नहीं मिला है। बकाया वेतन की मांग को लेकर ये ठेका कर्मी आज कार्य बहिष्कार कर अस्पताल के बाहर आ गए और यहां धरना-प्रदर्शन किया। बाद में अस्पताल प्रशासन की समझाइश पर वह काम पर लौटे। ठेका कर्मियों ने बताया कि उनका अक्टूबर और नवंबर दो माह का वेतन बकाया है। ठेका फर्म राजदीप इंटरप्राइजेज गुजरात के अधीन वह कार्यरत है। फर्म ने दो माह से वेतन नहीं दिया है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है और घर खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। कई बार ठेका कंपनी के साथ ही अस्पताल प्रशासन को भी इस संबंध में निवेदन किया गया लेकिन उनके वेतन का भुगतान नहीं हुआ। इस पर आज से सभी हड़ताल पर चले गए। उन्होंने कार्य बहिष्कार कर दिया। इससे अस्पताल में चिकित्सकीय व्यवस्थाएं चरमरा गई। हड़ताली ठेका कर्मियों ने प्रशासनिक खंड के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। बाद में अस्पताल प्रशासन व ठेका कंपनी की ओर से समझाइश कर वेतन भुगतान का आश्वासन दिया गया।

### किसानों के आदान अनुदान बिल जमा

**बालोतरा**, (निसं)। प्राकृतिक आपदा सूखा खरीफ फसल संवत् 2080 में सूखे से प्रभावित राजस्व ग्राम जिनमें 33 प्रतिशत से अधिक फसल खराबा वाले जिले की पांच तहसीलों के 73 हजार से अधिक किसानों का 79.97 करोड का आदान अनुदान बिल कोष कार्यालय में जमा करवाया। कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने बताया कि खरीफ फसल संवत् 2080 में सूखे से प्रभावित जिले की पांच तहसीलों के 73,189 किसानों का 79.97 करोड रूपये का आदान अनुदान सहायता राशि का बिल पारित कर उनके खातों में जमा के लिए कोष कार्यालय भिजवाया। जिसमें जिले की गिडा तहसील के 26,100 किसानों का 32.27 करोड, बायतु तहसील से 15,290 किसानों का 19.45 करोड, कल्याणपुर तहसील के 18,443 किसानों के 22.24 करोड़, सिवाना तहसील के 5,910 किसानों के 23.22 करोड एवं समदडी तहसील के 7,446 किसानों के 36.83 करोड की आदान अनुदान सहायता राशि का समेत जिले के कुल 73,189 किसानों के कुल 79.97 करोड की सहायता राशि का बिल पारित कर उनके खातों में जमा के लिए कोष कार्यालय भिजवाया गया।

### धोरीमन्ना में मरीज परेशान

**धोरीमना**, (कासं)। धोरीमना के जिला उप अस्पताल में चिकित्सकों के समय पर नही बैठने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। धोरीमना क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि मौसमी बीमारियों को लेकर सरकारी जिला उपअस्पताल को देखते हुए मरीजों की संख्या आए दिन बढती जा रही है। हर समय भीड का जमावडा रहता है। दूसरी तरफ डॉक्टरों की संख्या कम होने के कारण मरीज परेशान है। मरीज ने बताया कि समय पूर्वक डॉक्टर अपनी ड्यूटी नहीं कर रहे हैं। वही नर्सिंग स्टाफ अपना टाइम पास करते हैं, एक दूसरे के ऊपर जिम्मेदारी थोप देते हैं। समय पूर्व डॉक्टर मिलते ही नहीं है,और मरीज के साथ भेदभाव किया जाता है। हर रोज मरीजों की लंबी लाइन लगी रहती है तथा घंटे तक मरीजों को इंतजार करना पड रहा है। मरीज का आरोप है कि हॉस्पिटल का मैनेजमेंट सही तरीके से नहीं हो रहा है, अपनी मनमर्जी से आते-जाते हैं। गरीब वर्ग के ग्रामीण परेशान है। इसी समस्याओं को लेकर उपअस्पताल के इंचार्ज डॉ.अशोक बिश्नोई से बात की तो उन्होंने बताया कि मैं सरकारी कामों में व्यस्त हूं।

### चित्रकला एवं निबंध के विजेता सम्मानित

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित पंच गौरव कार्यक्रम के तहत गुरूवार को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर जालोर में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत ने चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य मनीष ठाकुर ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में श्रेष्ठ चित्रकारी करने पर दीपेश सुथार, उन्नति सुथार, राजन परमार, हिमानी वैष्णव व रूख्सव बानू को तथा निबंध प्रतियोगिता में गरिमा चौधरी, रूद्राक्ष, यशपाल सिंह, इशान दवे व आफताब आलम को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उत्साहवर्द्धन किया गया। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए पंच गौरव के तहत विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए सुन्धा माता, ग्रेनाइट, अनार, जाल का वृक्ष व बॉक्सिंग के मॉडल का अवलोकन किया तथा उनका उत्साहवर्द्धन करते हुए हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर उप प्राचार्य इन्द्रा दहिया, अध्यापक विमला पुरी, शैलजा माथुर, नरेश, उदाराम सुथार व धीरेन्द्र प्रजापत उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत

**जोधपुर** , (कासं) । बालेसर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई वहीं उसका पुत्र घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि राम सिंह नगर मेरिया निवासी टीकम राम पुत्र मूलाराम प्रजापत ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि उनका बड़ा भाई जबराराम (37) एवं उनका पुत्र पंकज (10) दोनों गांव से बेलवा जा रहे थे। बस्तवा माताजी गांव क्षेत्र में झुंझारजी का थान के पास सामने से आए ट्रैक्टर चालक विनोद पुरी पुत्र गंगा पुरी ने तेज एवं लापरवाही से चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर से बाइक क्षितग्रस्त हो गई और चालक जबराराम एवं उनके पुत्र पंकज दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को बालेसर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान जबराराम प्रजापत की मौत हो गई। पुलिस ने बालेसर अस्पताल पहुंचकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी करने के बाद परिजनों को शव सुपुर्द किया।

### पॉक्सो में दंडित बंदी पैरोल से नहीं लौटा

**जोधपुर** , (कासं) । जोधपुर केंद्रीय कारागार से पैरोल पर गया पॉक्सो का दंडित बंदी वापिस जेल पर नहीं लौटा। उसे 10 दिसंबर को वापिस आना था, मगर नहीं आया। इस पर उसकी फरारी की रिपोर्ट जेल प्रशासन की तरफ से दर्ज कराई गई है, जिसकी तलाश की जा रही है। रातानाडा पुलिस ने बताया कि पाली जिले के रायपुर क्षेत्र के रहने वाले दिनेश पुत्र रतनलाल को पाली जिला कोर्ट द्वारा पॉक्सो में सजा हो रखी थी।

# 25 वां जोधपुर पोलो-2024 में इंडियन नेवी व बेदला जीते

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, लेफ्टिनेंट जनरल एवीएम एच.एच. महाराजा उम्मेदसिंह एयरपोर्ट रोड पाबूपुरा में चल रहे 25 वें जोधपुर पोलो सीजन 2024 में गुरुवार से शुरु हुए एच.एच. महाराजा ऑफ जोधपुर कप (6 गोल) टूर्नामेंट में पहले दिन दो मैच खेले गये। पहला मैच दोपहर 2 बजे वी पोलो व इण्डियन नेवी के बीच खेला गया जिसमें इण्डियन नेवी ने सात के मुकाबले आठ गोल कर एक गोल के अन्तर से जीत दर्ज की। वही दूसरा मैच दोपहर 3 बजे जोधपुर व बेदला पोलो टीमों के बीच खेला गया जिसमें बेदला पोलो टीम ने जोधपुर को सात के मुकाबले आठ गोल कर एक गोल के अन्तर से मैच जीता।




एच.एच. महाराजा ऑफ जोधपुर कप ( 6 गोल ) टूर्नामेंट के पहले दिन दो मैच हुए।

आज के दोनों ही मैचों में विजेता टीमों ने आठ-आठ गोल किए व जीत का अन्तर भी एक गोल का ही रहा। आज के दोनों ही मैचों में जोधपुर पोलो के संरक्षण गजसिंह की उपस्थिति रही। मैदान में उपस्थित मेहरानगढ बैण्ड ने मैच से पूर्व मार्चपास्ट किया व मैच के मध्य अपनी सुमधुर धुनों से उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया।

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि पहले मैच में वी पोलो टीम के छह हैण्डीकेप के अर्जेन्टीना के खिलाडी सेंटियागो माराम्बियो ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल पांच गोल किए। सेंटियागो ने पहले, दूसरे व चैथे चक्कर में एक-एक गोल व तीसरे चक्कर में दो गोल किए। साथी खिलाडी दो हैण्डीकेप के हूर अली ने दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल किया। मुकाबले में इण्डियन नेवी की ओर से खेलते हुए अर्जेन्टीना के ही पांच हैण्डीकेप के खिलाडी डेनियल ओटामेंडी ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दूसरे व चैथे चक्कर में दो-दो गोल करते हुए टीम को मैच में बनाये रखा। साथी खिलाडी दो हैण्डीकेप के धु्रवपाल गोदारा ने पहले व चैथे चक्कर में एक-एक गोल व कैप्टन ए.पी. सिंह ने पहले व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल किया।

उन्होंने बताया कि दूसरे मैच में जोधपुर टीम की ओर से दो हैण्डीकेप के खिलाड़ी अंगद कलान ने दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल व चैथे चक्कर में दो गोल कर टीम को बढत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। साथी खिलाडी चार हैण्डीकेप के अर्जेन्टीना के गोंजालो येंजोन ने दूसरे चक्कर में एक गोल व धनन्जयसिंह राठौड ने तीसरे चक्कर में एक गोल तथा योगेश्वरसिंह भांवरी ने दूसरे चक्कर में एक गोल किया। मुकाबले में बेदला पोलो टीम के तीन हैण्डीकेप खिलाडी सिद्धांत शर्मा ने विपक्षी टीम के विरुद्ध अकेले संघर्ष करते हुए कुल छह गोल किए और टीम को जिताने में महत्वपूर्ण रोल अदा किया।

सिद्धांत ने पहले व चैथे चक्कर में दो-दो गोल व दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल किया। साथी खिलाडी चार हैण्डीकेप के अर्जेन्टीना के ही खिलाडी फेड्रिको बुडू ने तीसरे चक्कर में एक गोल किया। दोनों ही मैचों के अम्पायर अर्जेन्टीना के निकोलस स्क्रोटीचीनी व उदय कलान थे। पहले मैच के रैफरी सिद्धांत शर्मा व दूसरे मैच के धु्रवपाल गोदारा रहे।

पहले मैच की कांमेट्री राजवी शैलेन्द्र सिंह व दूसरे मैच की कांमेन्ट्री अंकुर मिश्रा ने की।

# विकसित भारत 2047 मल्टीमीडिया प्रदर्शनी संपन्न

**जोधपुर/जालोर**, (कासं)। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, जयपुर द्वारा राजकीय पालिटेक्निक कॉलेज के खेल मैदान में पांच दिवसीय विकसित भारत 2047 मल्टीमीडिया प्रदर्शनी गुरुवार को संपन्न हुई।

इस पांच दिवसीय प्रदर्शनी में डाक विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला परिषद, नगर निगम, आयुर्वेद विभाग, जिला अग्रणी बैंक, कृषि विभाग, हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद, भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चलायी जा रही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने मे योगदान दिया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के सहायक निदेशक रामेश्वर मीणा ने बताया कि मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में एक भारत श्रेष्ठ भारत, प्रधानमंत्री गति शक्ति, जल जीवन मिशन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 1.0 एवं 2.0, किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री मानधन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली मुफ्त योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ भारत मिशन, फिट इंडिया, मिशन लाईफ, स्किल इंडिया सहित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं पर पैनल एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की स्टॉल लगाई। मीडिया एवं संचार अधिकारी आशीष वर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में युवाओ और आमजन के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया गया। जिससे जरूरतमंद को लाभ मिल सके। समापन समारोह में यूनियन बैंक के प्रबंधक जसवंत मातृवा एवं योगेश मूंदडा ने सामाजिक सुरक्षा व बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी। राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सहायक निदेशक दिनेश कुमार गौड ने तकनीकी प्रशिक्षणों की जानकारी दी। महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रिंस व्यास ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार व्यक्त किये।

समापन समारोह में प्रतिभागियों के बीच अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसके विजेताओं को अतिथियों द्वारा विभाग की ओर से पुरस्कार प्रदान किये गए। प्रदर्शनी मे भाग लेने वाले विभिन्न विभागों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में केंद्रीय संचार ब्यूरो के संजय बुलचंदानी, रवि कुमार योगी, प्रेम सिंह सहित विभिन्न विभागों, संस्थानों, छात्र-छात्राओं, जोधपुर शहर की महिला कार्यकर्ताओं, राजकीय नर्सिंग कॉलेज, महिला आईटीआई, एएनएम व जीएनएमटीसी, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं, एवं अनेक विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं लोगों ने भाग लिया। इस दौरान विभाग के पंजीकृत दल गौतम परमार एंड पार्टी बाडमेर के कलाकारों द्वारा ब्यूरो की संगीता घोष प्रदर्शक के नेतृत्व में रंगारंग प्रस्तुतियां देकर प्रदर्शनी में आए आमजन का मनोरंजन किया। कार्यक्रम का संचालन ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार सहायक के आर सोनी ने किया।

## मंत्रालयिक कार्मिक शिक्षा विभाग के रीढ़ की हड्डी : सिंह

**पाली**, (नि.सं.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माण्डल (रानी ब्लॉक) में गुरूवार को 51 वीं दो दिवसीय मंडल स्तरीय शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ।

- **51 वीं दो दिवसीय मंडल स्तरीय शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ**

प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य सुरेश देवडा ने बताया कि मंत्रालयिक कार्मिकों ने खेल के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। उन्होने बताया कि प्रतियोगिता मे बास्केटबाल, वालीबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन, कबड्डी, फुटबॉल, टेनिस क्रिकेट बॉल, खो-खो आदि खेलों मे उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले कार्मिको का निर्णायक मंडल द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा मंडल पाली रिछपाल सिंह ने कहा कि मंत्रालयिक कार्मिक शिक्षा विभाग के रीढ़ की हड्डी के समान है। उनके बिना विभाग की कोई भी योजना फलीभूत नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से कार्मिकों में छिपी प्रतिभा भी निखर कर सामने आती है।

अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शा.शिक्षा.जे.डी कार्यालय डा.भूपेन्द्र सिंह सोढा ने कहा कि खेल में जीत-हार कोई मायने नहीं रखती है, अत: खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। सहायक निदेशक महात्मा गांधी प्रकोष्ठ चन्देशपाल सिंह करणोत ने कहा कि मंत्रालयिक कार्मिक हमेशा फाइलों में बिजी रहते है। ऐसे में इस प्रकार के आयोजन सेऐसे में इस प्रकार के आयोजन से उन्हें काफी हद तक सुकुन मिलता है। लगातार काम करने की वजह से होने वाला तनाव भी कम होने के साथ नई स्फूर्ति दिलाता है। एडीईओ जे.डी कार्यालय तुलसीराम ने कहा कि विद्यालय हो या कार्यालय सभी जगह मंत्रालय कार्मिकों की अहमभूमिका होती है। शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ पाली के जिला अध्यक्ष मुकेश बोहरा ने कहा के मंत्रालयिक कार्मिक विभाग की एक महत्वपूर्ण कड़ी होते है। जिनके बिना विभाग की सभी योजनाएं गड़बड़ा जाती है। कार्यक्रम को जेडी कार्यालय के प्रदीप कच्छवाह, रविन्द्र सिंह राठौड ने भी संबोधित किया। समापन कार्यक्रम में स्थानीय विधालय की बालिकाओ द्वारा खम्मा घणी ओ राणीसा, म्हाने जयपुरिया री सैर करादे भरतार, देश रंगीला रंगीला सरीके गानों में नृत्य कर मन मोह लिया। शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, सरपंच सूराराम, धन्नाराम घांची,राजूराम प्रजापत, श्रवण सिंह राजपुरोहित, भेराराम घांची, दोलतराम माली, दीपक माली, रमेश कुमार घांची, छगनलाल मेघवाल, प्रकाश पुरी, सवाई सिंह राजपुरोहित, चिराग सिंह राजपुरोहित, कल्पेश सिंह राजपुरोहित, खुशवंत सिंह राजपुरोहित,सूजाराम घांची, मांगू सिंह राजपुरोहित, जगदीश माली, निर्मल कुमार जैन, फोजी साहब, प्रकाश सिंह राजपुरोहित, दलाराम माली, नारायण लाल घांची, इंदर सिंह राजपुरोहित, अशोक सिंह राजपुरोहित आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत जिला स्तरीय समारोह संपन्न

**जालोर**, (कासं)। आहोर विधायक ने गुरूवार को जालोर क्लब में आयोजित जिला स्तरीय समारोह को संबोधित किया। उन्होंने जालोर जिले में बिजली, पानी, सड़क सहित बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि जिला प्रशासन की प्रभावी मॉनिटरिंग के कारण बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन व उनकी क्रियान्विति प्रगतिरत है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर जिला स्तरीय समारोह का विधिवत् आगाज किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से युवाओं से वर्चुअल संवाद किया। कार्यक्रम का संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी ने किया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा प्रतीक रूप से शिक्षा विभाग के उत्तमसिंह, केशव कुमार, दुर्जनसिंह, संदीप कुमार शर्मा, अजीतसिंह राठौड़, हितेष कुमार, अशोक कुमार व जितेन्द्र सिंह तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अजयपाल सिंह मण्डलावत व अविनाश को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। वही शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2024 में टेबलेट वितरण के लिए चयनित इमरान खान, इशान दवे, कौशल गौर, ऐश्वर्या भटनागर, आस्था तिवारी, निखिल चैहान, मेघा खत्री, तरूण कुमार मीना, रविना व मयंक परमार को टेबलेट वितरित किए गए। इसी प्रकार समग्र शिक्षा के तहत व्यावसायिक शिक्षा योजनान्तर्गत चिण्टु कुमार, आरती कुमारी, निलेश कुमार, श्रवण दास व आजाद खान को कौशल विकास सामग्री के किट प्रदान किए।

कार्यक्रम के अंतर्गत आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित एवं जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जालोर क्लब परिसर में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्कूटी वितरण योजना में छात्रा निकिता, पुष्पा कुमारी, शांति कुमारी, पूजा कंवर व खुशबू कंवर को नि:शुल्क स्कूटी वितरण तथा नि:शुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को नि:शुल्क साईकिल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला प्रमुख राजेश कुमार, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, डिस्कॉम एसई पी.एस.राङ्गौड़, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चौधरी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधरसिंह सोढ़ा, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत, जिला शिक्षाधिकारी भेराराम, जिला रोजगार अधिकारी ललित कुमार, प्रधानाचार्य चैनकरण करणोत, सुरेश सोलंकी, दिनेश महावर सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कार्मिक, युवा एवं लोग उपस्थित रहे।

शुक्रवार को प्रभारी मंत्री करेंगे जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

पंच गौरव कार्यक्रम, जिला स्तरीय प्रदर्शनी, किसान सम्मेलन, जिला विकास पुस्तिका विमोचन कार्यक्रम जालोर क्लब में होगा। राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 13 दिसम्बर, शुक्रवार को जालोर क्लब में पंच गौरव कार्यक्रम, जिला स्तरीय प्रदर्शनी, किसान सम्मेलन, जिला विकास पुस्तिका विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई शुक्रवार को दोपहर 12 बजे जालोर क्लब में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे तथा प्रेस कॉफ्रेंस करेंगे। कार्यक्रम में जिला दर्शन पुस्तिका का विमोचन किया जायेगा तथा विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी एवं स्टॉल्स भी लगाई गई हैं।

उन्होंने बताया कि प्रात: सुबह 11 बजे जालोर क्लब में किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की द्वितीय किश्त जारी करने, किसानों को फव्वारा संयंत्रों की स्थापना के लिए अनुदान राशि का हस्तांतरण, फार्म पौंड, पाइप लाइन, तारबंदी, वर्मी कम्पोस्ट, .षकों को .षि यंत्रों एवं जैविक खाद के लिए अनुदान, सौर ऊर्जा पंपों की स्वी.तियां, गोदाम निर्माण, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, पशुपालकों के लिए 5 रुपए प्रति लीटर अनुदान डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण, डेयरी बूथ का आवंटन आदि कार्य किए जाएंगे।

## दौड़ आयोजित

**बालोतरा**, (निसं)। राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय पर रन फॉर विकसित राजस्थान दौड़ को अतिरिक्त जिला कलैक्टर अशोक कुमार एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखा रवाना किया। दौड़ में लगभग 1 हजार से अधिक छात्र छात्राओं, जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। दौड जिला कलैक्टर कार्यालय से ब्रीज से होते हुए बालोतरा पंचायत समिति कार्यालय पहुंची। जहां अल्पाहार के साथ रैली का समापन किया गया।

# नशा मुक्ति का संदेश दिया

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में आज जिला मुख्य आयुक्त चंद्र प्रकाश जायसवाल, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर पाली बसंत परिहार के निर्देशन में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सी ओ स्काउट गोविंद मीणा ने बताया कि स्काउट कार्यालय से बांगड़ विद्यालय पाली तक स्काउट गाइड ने जागरूकता रैली निकालते हुए स्वच्छता अभियान चलाकर पॉलीथिन उन्मूलन के लिए प्रयास किया एवं लोगों को जागरूक करने के लिए रैली मे निनाद एवं बेनर के माध्यम से पॉलीथिन उन्मूलन एवं नशा मुक्ति की रैली निकाली इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश जायसवाल ने स्काउट गाइड के नवाचार और और सामुदायिक सेवा से जुड़े कार्यों जैसे वृक्षारोपण, नशा मुक्ति रैली, पॉलीथिन उन्मूलन रैली, स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता रैली व कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी। प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर एवं प्रधानाचार्य राजकीय बांगड़ स्कूल बसंत परिहार ने स्काउट गाइड द्वारा लोगों को सामाजिक कुरीतियों जेसे बाल विवाह, नशा मुक्ति आदि के लिए लोगों को जागरूक करने का आहवान किया। उन्होंने बताया कि स्काउट गाइड गतिविधियों से जुड़कर बालक अपने जीवन में अनुशासन के साथ में प्रयत्नशील रहकर देश के लिए एक उत्कृष्ट नागरिक का निर्माण करता है।

# एम.डी.एम. में दो मरीजों की कार्डियोथोरेसिक सर्जरी हुई

**जोधपुर** , (कासं) । मथुरादास माथुर अस्पताल के कार्डियोथोरेसिक विभाग में एंडोवस्कुलर तकनीक- टावी ( ट्रांस कैथेटर ऑर्टिक वाल्व इंप्लांटेशन/ रिप्लेसमेंट ) के माध्यम से राजस्थान में पहली बार कार्डियो थोरेसिक सर्जनों की टीम ने वेल्व ईन वाल्व तकनीक से मरीज के हृदय के सिकुड़े हुए ऑर्टिक वाल्व से निजात दिलाई गई तथा एक मरीज में टावी प्रोसीजर किया गया।

डॉ. सुभाष बलारा (सीटीवीएस विभागअध्यक्ष) ने बताया कि 62 वर्षीय ओसिया निवासी चैनी देवी दो महीने से सीने में दर्द तथा सांस फूलने की तकलीफ से पीड़ित थी। इस मरीज का सन 2008 में गुजरात के किसी प्राइवेट अस्पताल में अयोरटिक वॉल रिप्लेसमेंट सर्जरी की गई थी।

जांचों के उपरांत यह पता चला कि उनके हृदय के ऑर्टिक वाल्व में पुनः काफी सिकुड़न ( सिविअर अयोर्टिक स्टेनोसिस ) हो गई है और यह खराब हो चुका है।

पहले इस बीमारी के उपचार के लिए रीडू - सर्जरी (ऑर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट) ही ऑप्शन था परंतु आधुनिक टावी (टावर) प्रणाली के माध्यम से सिर्फ नीडल पंचर होल के जरिए वाल्व इंप्लांटेशन संभव है । ,

अतः मरीज की बीमारी, उम्र तथा कोमौरबिड इलनेसेस को देखते हुए मरीज को टावी प्रोसीजर करने का निर्णय लिया गया। इस प्रोसीजर में मरीज के पुराने सन 2008 में बदले गए आर्टिफिशियल आर्टिक वालव के अंदर एक नया वैलव इंप्लांट किया गया। यह संपूर्ण राजस्थान में कार्डियक सर्जनों द्वारा पहला वाल्व इंन वॉल्व( टावी) प्रोसीजर है ।

- **इलाज मथुरादास माथुर अस्पताल में राज्य सरकार की आर.जी.एच.एस. स्कीम के अंतर्गत निःशुल्क किया**

दूसरा मरीज 67 वर्षीय खिमसर निवासी जेठाराम 8 महिनों से सांस फूलने तथा तथा धडक़न की अनियमित से जूझ रहा था, हार्ट की जांचों में पता चला कि उनके आर्टिक वाल में सिकुडऩ आ गई है (सीवर ऑर्टिक स्टेनोसिस ) इसलिए इनका भी इंडो वैस्कुलर तकनीक टावी द्वारा सफलता पूर्वक वैलव रिप्लेस किया गया। इस प्रोसीजर के लिए अहमदाबाद के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ मानिक चोपड़ा तथा उदयपुर से कार्डियक सर्जन डॉ संजय गांधी को भी बुलाया गया।

पहले इस ऑपरेशन की प्रणाली के लिए मरीजों को अन्य राज्यों तथा मेट्रो शहरों में जाना पड़ता था, जहां इलाज का खर्चा लगभग 20 से 25 लख रुपए आता है, परंतु यह इलाज अब मथुरादास माथुर अस्पताल में राजस्थान सरकार की आरजीएचएस स्कीम के अंतर्गत निःशुल्क किया गया।

आपरेशन टीम कार्डियोथोरेसिक विभाग के डॉ सुभाष बलारा, डॉ अभिनव सिंह , डॉ देवाराम, डॉ अमित एनेस्थीसिया विभाग के डॉ राकेश करनावत, डॉ गायत्री तंवर कार्डियोलॉजी विभाग के डॉ रोहित माथुर, डॉ अनिल बारूपाल, स्टाफ मोनिका भाटी, रितु , मनीष, बिलाल ।टेक्नीशियन धर्मेंद्र मरेठा और प्रकाश, इंचार्ज दिनेश गोस्वामी, परफ्यूशनिस्ट माधो सिंह और मनोज ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# अवैध वाणिज्यिक इमारत का कार्य बंद करवाया

सायला. (निसं)। पीडब्ल्यूडी के सामने अवैध वाणिज्यिक ईमारत निर्माण की सूचना मिलने पर अधिषाशी अधिकारी लक्ष्मी चौधरी के नेतृत्व में सायला नगरपालिका टीम ने पहुंचकर निर्माण कार्य को बन्द करवाया।

जानकारी के अनुसार सरहद मौजा सायला के चक नम्बर 2 पुराने खसरा संख्या 681 जिसके वर्तमान खसरा संख्या 2126 रकबा 2.75 हेक्टर किस्म गैर मुमकिन में सायला-बागोडा मुख्य सडक पर अवैध वाणिज्यिक ईमारत के निर्माण की सूचना मिली थी। जिस पर अधिषाशी अधिकारी व तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, वरिष्ठ सहायक रमेश कुमार, पटवारी हरदानाराम देवासी मय नगरपालिका टीम एवं हेड कांस्टेबल बाबूलाल मय पुलिस जाब्ता की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को बन्द करवाया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद मजदूरों को पाबंद कर भविष्य में पुनः निर्माण कार्य चालू नही करने के संबंद्ध में सख्त हिदायत देकर पाबंद किया गया। साथ ही निर्माण स्थल से 2 फावडा, 8 तगारी, 1 पानी की टंकी 200 लीटर, 1 पानी की टंकी 500 लीटर, 1 कराली, 7 लकडी के पाटिये, 05 आरसीसी प्लेंटे जब्त करने की कार्यवाही की गई। अधिषाशी अधिकारी चौधरी ने बताया कि भवन मालिक को दो दिन पूर्व में भी भवन निर्माण एनओसी एवं संबंधित अन्य दस्तावेज आदि पेश करने के लिए आग्रह किया था लेकिन उसकी ओर से कोई जवाब पेश नही किया गया। जिसके चलते अवैध वाणिज्यिक ईमारत निर्माण का कार्य बन्द करवाया गया है।

आगे भी कार्यवाही रहेंगी जारी:- अधिषाशी अधिकारी लक्ष्मी चौधरी ने बताया कि स्टेट हाइवे के दायरे में आने वाली सभी निर्माणाधीन अवैध ईमारतों, आवासीय भूमि पर वाणिज्यिक भवनों के निर्माण तथा नगरपालिका के नियमों का पालन नही करने पर भवन निर्माण करने वालों के खिलाफ आगे भी नियमानुसार कार्यवाही जारी रहेगी।